ont>

Title: Need to ensure availability of NCERT books in the country - Laid.

***श्री चन्द्रकान्त खैरे ( औरंगाबाद, महाराष्ट्र):** अध्यक्ष महोदय, देश के दिल्ली सहित अन्य राज्यों में एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रस्तुत पुस्तकों का अभाव है तथा उनकी कीमतें भी आवश्यकता से अधिक हैं। जिसमें गरीबी व सामान्य वर्ग में जीवन व्यतीत करने वाले लोगों के बच्चों तक वह पुस्तक नहीं पहुंच पाती हैं और उनके बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं हो रही है तथा पुस्तकों के अभाव होने पर विद्यार्थियों तक वह पुस्तक नहीं पहुंचती है। अभी भी बाजार में उनकी उपलब्धता की अत्यंत कमी है एवं मूल्य अत्यधिक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से नम्र निवेदन है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकों की बाजार में पूर्ति की जाए एवं उनके मूल्य को घटाया जाये, जिससे कि निम्न वर्ग के लोग भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें।

---

*Laid on the Table.